DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

**राजस्थान सरकार**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**

कंमाक :–एफ.2(4529) /डी.ओ.आई. टी./संस्था/ 14/I/77519/2017 जयपुर, दिनांक : 12-12-17

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

**श्री ओम प्रकाश,** सूचना सहायक, कार्यालय एसीपी(उपनिदेशक), सू. प्रौ. एवं संचार विभाग, बाडमेर को **VMOU, KOTA** से एम.ए. (भूगोल) **परीक्षा** में **स्वयंपाठी** विधार्थी के रूप में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति **श्री ओम प्रकाश, सूचना सहायक** को निर्देशानुसार निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान की जाती है:–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जाएगी।
2. कर्मचारी का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन/स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।
3. कर्मचारी को प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष मे उतीर्ण की गयी परीक्षा की सत्यापित अंकतालिका परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिवस मे उचित माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करनी होगी।
4. परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
5. अध्ययन स्वीकृत दिये जाने से कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल पाएगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
6. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जाएगी।
7. अध्ययन वर्ष मे कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने पर उसकी पूर्ति हेतु सरकार/विभाग द्वारा किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
8. प्रशासनिक कारणों से अध्ययन परीक्षा हेतु स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
9. परीक्षा के दिवसों में उपभोग किए गए अवकाश नियमानुसार जिस श्रेणी में आवेदित किए गए हों, के अनुसार उचित स्तर पर स्वीकृति हेतु भिजवाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग की होगी।
10. इस अनापत्ति प्रमाण पत्र से अभ्यर्थी दवारा किए जा रहे अध्ययन के पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय की मान्यता या गैर–मान्यता के सम्बन्ध में इस विभाग की स्वीकृति नहीं मानी जायेगी।
11. पत्राचार/स्वयंपाठी पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को बाकी रहे वर्षो–द्वितीय/तृतीय की परीक्षा के लिए पुनः अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन की आवश्यकता नहीं है।

**(ए.एम. देशपाण्डे)**
**तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. एसीपी(उपनिदेशक), कार्यालय एसीपी(उपनिदेशक)सू. प्रौ. एवं संचार विभाग, बाडमेर को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
3. श्री ओम प्रकाश, सूचना सहायक, कार्यालय एसीपी(उपनिदेशक), सू. प्रौ. एवं संचार विभाग, बाडमेर।
4. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

**तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव**